### एक नजर में

## मंत्री एवं सांसद के प्रयास से 12 करोड़ 81 लाख रुपए के चार ब्रिज स्वीकृत



**आलीराजपुर।** कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान के प्रयासो से क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर आई है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी पुलिया के स्थान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 4 नए ब्रिजों की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने बताया कि ग्राम कोदली, पीथनपुर, मोरियावाडा और आगलगोटा के रहवासीयो द्वारा समय समय पर पुलिया की रपट खराब होने के चलते आवागमन में हो रही असुविधाओ एवं परेशानियो के बारे में बताया जा रहा था। जिसे गंभीरता से लेकर हमारे द्वारा कैबिनेट बैठक के दौरान चारो स्थानो पर जर्जर पुलिया के कारण ग्रामवासीयो को आ रही समस्या से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को अवगत कराया, जिसपर उन्होने ग्रामवासीयो की समस्या का समाधान करते हुए पुलिया जगह ब्रीज निर्माण किए जाने की मंजुरी प्रदान कर सम्बंधित विभाग को स्वीकृती जारी करने के निर्देश दिए।

**4 ग्रामों में बनेंगे ब्रिज-** कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान एवं सांसद अनिता चौहान के सतत प्रयासो से ग्राम कोदली में 4 करोड, ग्राम पिथनपुर में 3 करोड 42 लाख, ग्राम मोरियावाडा में 2 करोड 75 लाख एवं ग्राम आगलगोटा में 2 करोड 64 लाख रूपये की लागत से ब्रीज का निर्माण होगा। इन ब्रीज के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं से भी स्थायी समाधान मिलेगा। अभी तक खराब पुलिया के कारण ग्रामीणों को दैनिक आवाजाही में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नए ब्रिजों की स्वीकृति से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद है। इन ब्रिजों की स्वीकृति पर जिला पंचायत अध्यक्ष हजरी बाई खरत, जनपद अध्यक्ष सुनीता चौहान, वरिष्ठ नेता भदू पचाया, ग्राम सरपंच केरू पटेल, प्रतापसिंह, हरीश सिंह सहित क्षेत्र के ग्रामीणों, भाजपा पदाधिकारियों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कैबिनेट मंत्री एवं सांसद के प्रयास की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री सहित मंत्री सांसद को आभार ज्ञापित किया।

## युवा व्यापारी एसोसिएशन एवं मेदांता हॉस्पिटल इंदौर द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज



**झाबुआ।** युवा व्यापारी एसोसिएशन झाबुआ एवं मेदांता हॉस्पिटल इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में शहर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल इंदौर के वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे, जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. न्यूटन घोष हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रांजल मंडलोई मेडिकल ऑन्कोलॉजी, डॉ. अंशुल अग्रवाल मूत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. अनीश गर्ग ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन की अनुभवी टीम, डॉ. आयुष्मान बिंदल त्वचा रोग विशेषज्ञ, डॉ. निशांत शिव पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ सेवाएं देंगे। शिविर में नि:शुल्क जांच सेवाएं जैसे ब्लड प्रेशर, रेंडम ब्लड शुगर, डॉक्टर परामर्श, बीएमआई तथा डॉक्टर की सलाह पर ईसीजी की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर का समय सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक स्थान मंगल भवन, रुनवाल बाजार झाबुआ पर रहेगा। युवा व्यापारी एसोसिएशन झाबुआ एवं मेदांता हॉस्पिटल इंदौर ने शहर के नागरिकों से अपील है कि वे अपनी पूर्व जांच एवं रिपोर्ट साथ लाएं और इस नि:शुल्क शिविर का अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ उठाएं।

## प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला समिति ने समारोहपूर्वक मनाया जन्मदिवस



**झाबुआ।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला समिति द्वारा स्थानीय थांदला गेट स्थित संस्था कार्यालय पर विगत 1 से 15 जनवरी तक जिन सदस्यों का जन्मदिवस था, उन्हें कार्यालय में आमंत्रित कर स्वागत किया गया और उनके स्वास्थ्य एवं दिर्घायु होने की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर प्रदीप पंड्या, शांतिलाल चौहान, अरविन्द त्रिवेदी, जवानसिंह हरवालिया, संतोषकुमार शर्मा, नटवरसिंह राठौर, जितेन्द्र शाह, डॉ. लोकेन्द्रसिंह राठौर एवं डॉ. विनोदकुमार मिश्रा का जन्मदिन बड़े उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक अरविन्द व्यास एवं डॉ के.के.त्रिवेदी, जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम ताम्रकार एवं मोईनुद्दीन कुरेशी, जिलासचिव राजेन्द्रप्रसाद जोशी, जिला कोषाध्यक्ष पीडी रायपुरिया एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। जिनका जन्मदिवस था, उन्होंने अपने जीवन एवं सेवाकाल के रोचक किस्से सुनाएं। डॉ. विनोदकुमार मिश्रा ने स्वस्थ जीवन शैली पर पांच टिप्स दिए और बताया कि अपने वजन के अनुसार पानी पीना चाहिए, 20 किलो वजन पर 1 लीटर पानी पीना चाहिए, भोजन में सलाद पहले खाना चाहिए, व्यायाम करना और भरपूर नींद लेना आवश्यक है। वरिष्ठ संरक्षक डॉ एलएस राठौर ने भी अपने विचार एवं जीवन के रोचक किस्से सुनाएं। डॉ. केके त्रिवेदी ने 15 जनवरी को सेना दिवस पर विशेष उद्बोधन में इससे जुड़े इतिहास पर प्रकाश डाला एवं सेना के शौर्य और पराक्रम को याद किया। जिलाध्यक्ष श्री ललित त्रिवेदी ने मकर संक्रांति के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन संगठन जिला कोषाध्यक्ष पीडी रायपुरिया ने किया एवं आभार जिला सचिव राजेन्द्रप्रसाद जोशी ने माना। तिल से बने व्यंजनों का लुत्फ उठाया- कार्यक्रम में अशोक चौहान, सुनील शुक्ला, दिलीप त्रिवेदी, प्रकाश नीमा, नाथुलाल पाटीदार, यशवंत त्रिवेदी, राधेश्याम परमार, मनोज खाबिया, प्रहलाद जोशी, भेरूसिंह चौहान तरंग, अशोक जैन, बहादुरसिंह चौहान, शशिकांत वरदिया, अरुणा वरदिया, सुरूचि शाह आदि सदस्य उपस्थित थे

# शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में काढ़े का सेवन कराया

**▸ मदर टेरेसा आश्रम में मकर सक्रांति के उपलक्ष में जरूरतमंदों को तिल पपड़ी एवं आवश्यक सामग्रियों को किया वितरण**



**झाबुआ।** आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा जिला आयुष विभाग के विशेष सहयोग से शासकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पर 16 जनवरी, शुक्रवार सुबह 9.30 से मौसम जनित बिमारियों से रोकथाम हेतु एक दिवसीय आयुर्वेदिक काढ़ा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बड़ी संख्या में आयुर्वेदिक काढ़े का सेवन करवाया गया। दोपहर में आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा स्थानीय मदर टेरसा आश्रम में मकर सक्रांति के उपलक्ष में जरूरतमंदों को तिल पपड़ी एवं आवश्यक सामग्रीयों का वितरण किया गया।

आयुर्वेदिक काढ़ा शिविर का शुभारंभ आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं आयुष विभाग के पूर्व संभागीय अधिकारी डॉ. रमेश भायल, जिला आयुष अधिकारी डॉ. कलमसिंह बारिया, आरएमओ डॉ. नरवरसिंह डामोर, आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट की आजीवन अध्यक्ष वंदना व्यास, सचिव डॉ. नीरजसिंह राठौर, वरिष्ठ डॉ. यशवंत भंडारी, जेएल केलवा, पद्मावती त्रिवेदी आदि द्वारा भगवान श्री धनवतरिजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। बाद शिवरार्थियों को आयुर्वेदिक काढ़े का वितरण आयुर्वेदिक चिकित्सालय की स्टॉफ नर्स में अंतिमबाला डावर एवं भानूप्रिया शर्मा, आयुर्वेद कपाउंडर शादिहा शेख, मंजुला देराश्री, सुचिता भदोरिया एवं अंतर मुवेल आदि ने किया। इसमें विशेष सहयोग आउटसोर्स कर्मचारियों में केवनसिंह भूरिया, शैतान भूरिया, मुक्ता गोवरिया, ममता मखोड़िया एवं विजय पणांदे ने प्रदान किया। यह शिविर करीब 3 घंटे तक चला। इस दौरान करीब 164 लोगों ने मौसम जनित बिमारियों से रोकथाम के दृष्टिगत आयुर्वेदिक काढ़े का सेवन किया।

**मदर टेरेसा आश्रम में आवश्यक सामग्रियों का किया वितरण**

शाम 4 बजे आसरा पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा मकर सक्रांति के उपलक्ष में मदर टेरेसा आश्रम में आवश्यक सामग्रीयों का वितरण किया गया। जिसमें अतिथि के रूप में ट्रस्ट की आजीवन अध्यक्ष वंदना व्यास के साथ सचिव डॉ. नीरजसिंह राठौर, परामर्शदाता डॉ. यशवंत भंडारी एवं मीडिया प्रभारी दौलत गोलानी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत मदर टेरेसा आश्रम की सिस्टर्स की ओर से किया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत दिव्यांग एवं वृद्धजनों को तिल पपड़ी एवं आवश्यक उपयोगी सामग्रीयां भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य जयेन्द्र बैरागी ने किया एवं आभार आश्रम के व्यवस्थापक ओंकारभाई ने माना।

## श्री संकटमोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी की बैठक

**▸ नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन**



**झाबुआ।** श्री संकट मोचन सेवा समिति हनुमान टेकरी की महत्वपूर्ण बैठक 15 जनवरी, गुरूवार रात आयोजित हुई। बैठक से पूर्व मकर सक्रांति के उपलक्ष में समिति सदस्यों द्वारा श्री संकट मोचन हनुमानजी महाराज की सामूहिक आरती कर भोजन प्रसादी का लाभ लिया गया। बाद आयोजित बैठक में समिति की नवीन कार्यकारिणी पर चर्चा करते हुए गठन किया गया। साथ ही बैठक में आगामी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाए जाने हेतु तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई।

मकर सक्रांति के उपलक्ष में हनुमान टेकरी पर श्री संकट मोचन हनुमानजी महाराज का सुंदर श्रृंगार कर समिति सदस्यों ने भगवान की सामूहिक आरती करने का लाभ लिया। बाद सभी ने सह-भोज का आनंद लिया। बाद मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में श्री संकट मोचन हनुमान टेकरी सेवा समिति की नवीन कार्यकारिणी गठन पर चर्चा हुई। जिसमें सर्व-सम्मति से तय किया गया कि समिति के माननीय अध्यक्ष श्री सारंगपुर धाम (गुजरात) के प्रबंध ट्रस्टी शास्त्री श्री हरिप्रकाशदास स्वामी 'अठाणावाला' रहेंगे। इसके अलावा उपाध्यक्ष डॉ. लोकेश देव एवं सुशीलसिंह सिसौदिया, सचिव सचिन जोशी, सह-सचिव शुभम राठौर, महासचिव अशोक चौहान एवं पियूष पटेल, कोषाध्यक्ष पं. मोहित पुरोहित, सह-कोषाध्यक्ष मुकेश पाटीदार, प्रचार-प्रसार प्रमुख प्रवीण श्रीवास, यूथ मोटीवेटर पुष्पेन्द्र लक्की नीमा एवं मीडिया प्रभारी को दौलत गोलानी को बनाया गया। नव-मनोनीत पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

**हनुमान जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा**

आगामी दिनों में कार्यकारिणी का ओर अधिक विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर तय किया गया कि श्री कष्टभंजनदेव सारंगपुर धाम की तर्ज पर ही श्री हनुमान टेकरी पर भी विकास के अनेक कार्य होंगे। बैठक में आगामी हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों संबंधी चर्चा कर श्री हनुमान जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में समिति के समस्त सदस्यगण, युवा एवं मातृ शक्तियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।



## खेलो एमपी यूथ गेम्स चयन ट्रॉयल कट्ठीवाड़ा में सफलतापूर्वक संपन्न

**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह के मार्गदर्शन में खेलो एमपी यूथ गेम्स के चयन ट्रायल दिनांक 16 जनवरी को कट्ठीवाड़ा एवं चंद्रशेखर आजाद नगर विकासखंड में सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। ट्रायल में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

जला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अनुसार आगामी चयन ट्रायल 17 जनवरी एवं 19 जनवरी को जोबट, उदयगढ़, सोंडवा एवं आलीराजपुर विकास खंडों में आयोजित किए जाएंगे। चयन ट्रायल का समय प्रात: 10:30 बजे से रहेगा। इच्छुक खिलाड़ी संबंधित विकासखंड में पंजीयन कर चयन ट्रायल में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी संबंधित विकासखंड अधिकारी अथवा खेल प्रशिक्षक से संपर्क कर सकते हैं। खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सुश्री एस निनामा द्वारा बताया गया कि चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जहां से विजेता एवं उपविजेता टीमों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश की टीम में शामिल किया जाएगा।

## जैन सोशल ग्रुप आइकॉन द्वारा 'कौन बनेगा आइकॉन जीनियस' कार्यक्रम

**▸ चार टीमें बनाकर तेजस टीम को किया गया विजेता घोषित**

**झाबुआ।** जैन सोशल ग्रुप:आइकॉन अपनी अनोखी एवं नवाचारी गतिविधियों के लिए जाना जाता है। इसी कड़ी में समूह द्वारा 'कौन बनेगा आइकॉन जीनियस' नामक मेगा इवेंट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम को आइकॉनिक स्वरूप देने के लिए इवेंट की वर्किंग कमेटी पिछले कई दिनों से पूरी लगनता के साथ जुटी हुई थी। यह इवेंट ज्ञान और मनोरंजन का अनूठा संगम रहा, जिसे आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं सॉफ्टवेयर के माध्यम से एलईडी स्क्रीन पर आकर्षक और जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नेहा घोड़ावत द्वारा श्री नवकार मंत्र के मंगलाचरण से हुआ। बाद ज्ञान आधारित इस गेम शो में प्रतिभागियों को चार टीमों में विभाजित किया गया। सभी टीमों के नाम देशभक्ति की भावना को दर्शाते हुए रखे गए। टीमों की कप्तानी इस प्रकार रही। तेजस अंकुर भंडारी एवं निशा भंडारी, धनुष अर्पित सकलेचा एवं श्रुति सकलेचा, ब्रह्मोस कपिल गादिया एवं परी गादिया, विक्रांत निशांत शाह एवं पूजा शाह रहे। रोमांचक मुकाबलों के बाद टीम तेजस टीम को विजेता घोषित किया गया। टीम के कप्तान अंकुर भंडारी को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई, वहीं पूरी टीम को गिफ्ट हैम्पर देकर सम्मानित किया गया। पूरे कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका शेलू बाबेल एवं निधि रुनवाल ने कुशलता से निभाई। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन मयंक निधिता रुनवाल एवं प्रयास सुहानी बाबेल ने किया। इवेंट को सफल बनाने में गौरव जैन, विराट पीतलिया एवं पराग रुनवाल का विशेष योगदान रहा।

**युवाओं को किया गया प्रेरित**

एडवाइजरी टीम के नीरज गादिया, जय भंडारी एवं दिनेश रुनवाल ने सदैव की तरह मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर आभार अंकित रुनवाल एवं निधि रुनवाल ने किया।

## आलीराजपुर के खेल प्रेमियों को कैबिनेट मंत्री के प्रयास से मिली बड़ी सौगात



**आलीराजपुर।** शिक्षा के साथ साथ खेल विधाओ में भी विद्यार्थी एवं युवाओ को बेहतरीन अवसर मिल रहे है। इसी के चलते आलीराजपुर में भी खेल अधोसंरचना को सशक्त बनाने की दिशा में कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के प्रयासो से एक महत्वपूर्ण सौगात प्राप्त हुई है। जिससे खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर है। विधायक प्रतिनिधी गोविन्दा गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के युवावर्ग में खेलो की छुपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें बेहतर मंच देने के उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान द्वारा खेल स्टेडियम की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के समक्ष रखी। जिसे आज प्रदेश सरकार द्वारा मुर्त रूप देते हुए इंटीग्रेटेड स्पोर्टस काम्पलेक्स के लिए 6 करोड़ 69 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से क्षेत्र में खेल सुविधाओं का विस्तार होगा तथा युवाओं और खिलाड़ियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे।

## लाड़ली बहना योजनान्तर्गत आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया



**आलीराजपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में महिला सशक्तिकरण अंतर्गत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना' के हितग्राहियों को माह जनवरी 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि अंतरण कार्यक्रम का आयोजन माखन नगर नर्मदापुरम में आयोजित किया गया था। जिसका सीधा लाइव प्रसारण कलेक्टर कार्यालय ऑडिटोरियम में हितग्राहियों द्वारा देखा और सुना गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरीबाई खरत, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लाडली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग की सहभागिता से सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।आशा कार्यकर्ताओं द्वारा नई गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीयन हेतु प्रसव पूर्व देखभाल की जानकारी दी गई। साथ ही गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें, दूध, गुड़ एवं चना, आयरन युक्त फल (अनार, केला, सेब) तथा विटामिन-सी युक्त फल (संतरा, नींबू) के सेवन के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया जिसमें मोटे अनाज एवं पोषण आहार से संबंधित व्यंजन बनाये गये, कार्यक्रम में उपस्थित सभी लाडली बहनाओं को तिल के लुड्डु वितरण किए गए। इस दौरान जिला महिला परियोजना अधिकारी सुश्री मोनिका बघेल, सहायक संचालक महिला बाल विकास सुश्री अंजली चौधरी सहित महिला बाल विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

**एक नजर में ▸ नगर परिषद सीएमओ ने वार्ड 15 के रहवासियों से की चर्चा**

## पानी सप्लाई करने वाले निजी संस्थानों के सैंपल जांच के लिए भेजे, दी सख्त हिदायत



**पेटलावद.**-नगर में शुद्ध पेयजल वितरण करने के नाम पर लोगों को पानी की केन के माध्यम से सप्लाई करने वाली दो निजी संस्थानों को नगर परिषद एवं नगर में पेयजल आपूर्ति करने वाली संस्था पी सी स्नेहल के दल के द्वारा निरीक्षण किया गया और निजी संस्थानों को स्वच्छता को लेकर सख्त हिदायत दी गई ।नगर परिषद पेटलावद की मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेन्द्र भण्डारी, नगर परिषद के सब इंजीनियर दीपक वास्केल और कर्मचारियों के साथ शुक्रवार को नगर के निजी पेयजल सप्लाई करने वाली महांकाल प्लांट,प्रियंका वाटर प्लांट का औचक निरीक्षण किया और वहाँ की स्थिति का जायज़ा लिया ।कंपनी के अधिकारियों ने दोनों जगहों से पानी के सैंपल लेकर जाँच हेतु भेजा गया है।शासन और जिला कलेक्टर नेहा मीना के निर्देश पर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व )तनुश्री मीणा के मार्गदर्शन में नगर परिषद के द्वारा नगर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु लगातार मानिटरिंग की जा रही है,मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेन्द्र भण्डारी ने बताया की दल के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 15 में रहने वाले लोगों से पानी की आपूर्ति और पेयजल के संबंध में जानकारी ली वार्ड में सप्लाई होने वाले पानी के संबध में जानकारी ली और पानी के नमूने भी लिये,वार्ड वासियो के द्वारा बताया गया की पानी की आपूर्ति बराबर की जा रही है और पानी भी सही व स्वच्छ मिल रहा हैं ।सीएमओ ने वार्ड के अलग अलग घरों में जाकर लोगो से चर्चा की और उन्हें पानी के संबध में जानकारी दी और समस्या आने पर तत्काल नगर परिषद को सूचना देने के बारे में अवगत करवाया गया ।

सीएमओ आशा भण्डारी ने बताया की नगर परिषद और कंपनी के द्वारा लगातार सर्वे कर निगरानी रखी जा रही है और समस्या आने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं ।निजी संस्थानों के पानी के सैंपल लेकर जाँच हेतु भिजवाया गया है और उन्हें मौके पर गंदगी को साफ करने के निर्देश दिए गए हैं किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिये गए हैं ।नगर परिषद के द्वारा उक्त मुहिम लगातार जारी रहेगी ।नगर में पानी वितरण एमपी यू डी सी विभाग के द्वारा कंपनी पी सी स्नेहल के माध्यम से पानी का संचालन संधारण एवम वितरण का कार्य किया जाता है ।